**Volume No: - 29**
**Year: - 06/ 2025**

# MONTHLY REPORT JUNE 2025

**-: PREPARED BY: -**

**राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो**
**NATIONAL HUMAN RIGHTS AND CRIME CONTROL BUREAU**
(GOVT. REGD. 483/2017, INCORPORATED UNDER THE LEGISLATION OF GOVT. OF INDIA, I.T.A. - 1882)
REGD. NITI AAYOG (GOVT. OF INDIA), UNITED NATION (UNDESA) | AN ISO 9001:2015 CERTIFIED ORGANIZATION
A NON. GOVT. ORGANIZATION WORKING FOR THE PROTECTION & PROMOTION OF HUMAN RIGHTS
**Web: - www.nhrccb.org Email: - nhrccb@gmail.com Helpline: - 9102224365**

# TABLE OF CONTENTS


| Sl.No. | Contents | Page No |
|---|---|---|
| 01. | National President's Message | 3 |
| 02. | About NHRCCB | 4 |
| 03. | Aims and Objective of NHRCCB | 5-7 |
| 04. | Our Team Strength | 8 |
| 05. | Monthly Report Of the Month June, 2025. | 9-31 |



## माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश......

मानवाधिकार मनुष्य के मूलभूत अधिकारों का समावेश है । मानव अधिकार की रक्षा हेतु सामाजिक स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकर्तायों की भूमिका सराहनीय होती है। भारत में मानवाधिकार के रक्षा एवं प्रचार प्रसार हेतु राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग , राज्य मानवाधिकार आयोग एवं सैकड़ों की संख्या में ग़ैर सरकारी संगठन कार्यरत हैं । विभिन्न सामूहिक प्रयासों के कारण पिछले एक दशक में मानवाधिकार के प्रति जन जागरूकता एवं संवेदनशीलता आम जन मानस में बढ़ी है ।

इसी कड़ी में वर्ष 2017 से समाज के निचले पायदान पर खड़े आम जनमानस के मानवाधिकार की रक्षा एवं जागरूकता हेतु एनएचआरसीबी बतौर ग़ैर सरकारी संगठन कृत - संकल्पित है । भारत के हज़ारो स्वयसेवकों/सदस्यों एवं पदाधिकारियो के बदौलत एनएचआर सी सी बी एक मजबूत पहचान बना चुकी है । समाज के हज़ारो लाखों वंचितों एवं पीड़ितों की आवाज बन कर उनके अधिकारो की रक्षा हेतु समर्पित है ।

सम्पूर्ण भारत वर्ष में एन एच आर सी सी बी के सदस्यों द्वारा किये जा रहे गतिविधियों की मासिक रिपोर्ट " जून माह " की सॉफ्ट कॉपी प्रकाशित की जा रही है ।

इस माह "आरटीआई, साक्ष्य और पंचायती राज अधिनियम एवं भारतीय पुलिस अधिनियम 2007 पर राष्ट्रीय वेबिनार, सम्पूर्ण भारत में विश्व पर्यावरण दिवस एवं योग दिवस , जागरूकता कार्यक्रम , मेडिकल शिविर जैसे महत्वपूर्ण आयोजन हुई है।

यह रिपोर्ट संस्था के हज़ारो साथियों को नई ऊर्जा एवं जुनून देने की कार्य करेगी एवं संस्था के प्रति उनके समर्पण की भावना को मजबूत करेगी ।

एन एच आर सी सी बी के समस्त साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ ।

(डॉ. रणधीर कुमार )

# ABOUT NHRCCB

NATIONAL HUMAN RIGHTS AND CRIME CONTROL BUREAU

National Human Rights and Crime Control Bureau (NHRCCB) is a Non-Profit Organization or Voluntary Organization Incorporated under the Legislation Government of India. Registered in 2017 under Indian Trust Act- 1882 Government of India with Reg. No 483/2017. Registered with NITI AAYOG, Government of India, United Nation Department of Economics and Social Affairs, United Nation, 12A & 80G Under Department of Income Tax, Ministry of Finance Government of India and CSR1 Under Ministry Of Corporate Affairs, Government of India.

## PROTECTING HUMAN RIGHTS UNDER

- Human Rights Protection Act 1993
- Universal Deceleration of Human Rights adopted by the United Nations in 1948.
- Protecting Under Human Rights both at individual and Communal Level.
- Protecting Women Rights for curbing the gender inequality across the nation.
- Protection Child Rights and Promoting education for all
- Keeping a check on criminal motivation across the country.
- Helping all the administrative bodies in order to propagate communal harmony.

## NHRCCB REGISTARTION AND AFFILATION

- Registered under the Indian Trust Act 1882 Government of India in 2017.
- Regd. Under NITI Aayog, Government of India (NGO Darpan)
- Regd. Under Ministry of Women and Child Development, Government of India,
- Regd. Under United Nations (UNDESA).
- Regd. under 12A&80G by Income Tax Department, Ministry of Finance Government of India.
- AN ISO 9001:2015 Certified Organisation.

- **PLEDGE CERTIFICATE FROM**

- National Human Rights Commission, Government of India.
- Central Vigilance Commission, Government of India.
- National Commission for Women, Government of India.
- National Commission for Protection of Child Rights, Government of India

- **AIMS & OBJECTIVES OF NHRCCB**

**(NHRCCB WAS ESTABLISHED ON 07 NOVEMBER 2017 WITH THE FOLLOWING AIMS& OBJECTIVES)**

1. According to the Human Rights Protection Act 1993, the Government of India, to work for the promotion and protection of human rights.
2. Organizing various camps, seminars, workshops, conferences etc. for awareness among Citizens about human rights.
3. To cooperate and encourage non-governmental organizations and educational institutions working in the field of human rights.
4. To build and operate educational institutions in the field of human rights.
5. To work together and in cooperation with the government for the protection of Human Rights and crime control.
6. National Human Rights Commission / State Human Rights Commission / National Commission for Women / State Commission for Women / National Commission for Protection of Child Rights / State Commission for Protection of Child Rights / National Commission for Protection of Child Rights / National Commission for Scheduled Castes /State Scheduled Castes on receipt of complaints on issues like human rights abuses To Provide justice to the victim through the Tribal Commission / Central Government / State Government / District Administration / Police Administration and other constitutional Institutions.
7. To file a petition in the court in human rights violations cases and get justice to the victim Through the court.

8. To work together with the Central Government / State Government and local government - administration for the protection and promotion of human rights.

9. According to the United Nations Human Rights Act 1948, to make citizens aware of human rights and work to protect the rights of citizens.

10. To promote and propagate the fundamental rights (right to equality, right to freedom, Right against exploitation, right to freedom of religion, culture and education, right to Property and constitutional remedies) given by the Indian Constitution and every Indian citizen To work for the attainment of fundamental rights.

11. To organize workshops, seminars, awareness programs on crime control.

12. Governance for Corruption Free India – Working together with the administration to Control corruption.

13. To protect the Child Rights Protection Act and work for prevention of child marriage, child violence, child labour, child trafficking.

14. To work for publicity and awareness of Right to Information (RTI) Act.

15. Getting information through RTI and taking action against the corrupt.

16. Fighting the rights of doctors, lawyers, journalists etc. in a constitutional way by creating Various cells / units.

17. To run awareness campaign related to cyber-crime prevention and to cooperate with the administration for prevention.

18. Governance - To help the administration to curb the misuse of government posts and Government machinery.

19. To work for the rights of the prisoners (prisoners) and to provide them legal aid and Guidance.

20. To cooperate with the police administration regarding crime control and mutual harmony, goodwill and peace.

21. Public Grievance Redressal Centre, Crime and Corruption Investigation, Crime Investigation and Research Service, Security and Intelligence Service, Media Information, Education and Law, Civil Defence, Journalism and Journalist Defence, Right to Information,Human Rights, Child Rights, Detective Services Setting up and providing security.

22. To promote various schemes run by the government and to benefit the citizens.

23. To cooperate and work together in various programs by the units of the district / state /Centre.

24. To settle the cases by organizing Lok Adalats after permission from time to time.

25. To make women aware of women's rights and work for their participation in the system.

26. To make women aware and work to curb women violence.

27. Governance for women's rights and women's safety - Working together with the Administration.

28. To honor the outstanding talents of the society from time to time and provide them Platforms.

29. Helping the administration by running an awareness campaign for serious issues like Human trafficking.

30. To run an awareness campaign to curb discrimination on the basis of caste, class, Community, race, sex, color.

31. To organize awareness camps on evil practices like dowry bonded labor etc. and work to stop such incidents through the concerned government institutions and courts.

32. Organizing camps like medical camps, blood donation camps, eye camps etc.

33. After receiving the complaint, after the permission of the government institutions, to take the problems of the citizens to the administration and make efforts to solve the problem.

34. Establishment and operation of Old Age Home, Health Centre, Nari Shakti Kendra, Child Improvement Centre, Hospital. Etc

- **OUR STRENGTH**
- 70+ NATIONAL TEAM OFFICER
- 500+ STATE TEAM OFFICER
- 400+ DIVISION TEAM OFFICER
- 3500+ DIST TEAM OFFICER
- 4500+ BLOCK TEAM OFFICER
- 10000+ ACTIVE MEMBER
- 15000+ VOLUNTEER

# Monthly Activity Report for June, 2025

**Date 04.06.2025**




**Date 05.06.2025**

**NHRCCB Singroli Team**



6-7 large plants were planted on our campus on World Environment Day, including fruit and flowering plants. This will keep our and our neighborhood environment clean and free of global warming tomorrow. This initiative reflects our commitment to environmental conservation. Dr. Virendra Pandey, Singroli highlights the importance of environmental protection through this initiative. Plantation can make us step towards a healthy and beautiful future.

**Date 05.06.2025**




NHRCCB जिला कैथल टीम की सराहनीय पहल NHRCCB जिला कैथल की टीम ने एक महत्वपूर्ण कार्य करते हुए जिला क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर एक लड़की को रेस्क्यू करवाया और उसके माता-पिता को सुपुर्द किया। इस कार्य में टीम के कार्यकारी प्रधान अशोक गर्ग, रुचिका गर्ग, और जितेंद्र बंसल जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला क्राइम ब्रांच और अशोक कुमार (MDD India) के सहयोग से यह कार्य संभव हुआ। मोहिंदर धानिया, प्रदेश अध्यक्ष, NHRCCB ने टीम के इस कार्य की सराहना की और उन्हें बधाई दी।

**Date 05.06.2025**



राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (NHRCCB) जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष संजय भारतीय ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर थाना प्रभारी, पत्रकार संगठन, और पार्टी महिला संगठन के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में संजय भारतीय, जिला अध्यक्ष, NHRCCB राजगढ़, थाना प्रभारी, पत्रकार संगठन के प्रतिनिधि, और पार्टी महिला संगठन की सदस्याएं उपस्थित रहीं। NHRCCB जिला राजगढ़ भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करता रहेगा और लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से संगठन ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया।

**Date 05.06.2025**

वृक्षों के बिना जीवन असंभव: अमरनाथ कश्यप अम्बाला शहर, 5 जून - राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो (NHRCCB) के हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ कश्यप ने गुदगुदी जंक्शन समूह के साथ मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भगवान श्री परशुराम गौशाला खतौली में पौधारोपण किया। इस अवसर पर अमरनाथ कश्यप ने कहा, "वृक्षों के बिना जीवन असंभव है। पेड़-पौधों से हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है, जो हमें जीवित रखने के लिए बहुत आवश्यक है।" पौधारोपण कार्यक्रम - भगवान श्री परशुराम गौशाला खतौली में 40 छायादार और फलदार वृक्षों के पौधे लगाए गए, जिनमें नीम, पीपल, बड़, सफेदा, जामुन, और अमरूद शामिल हैं। - जैन कॉलेज रोड, घेल के स्वर्गाश्रम में 20



छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए।दोनों स्थानों पर क्यारियां बनाकर सुगंधित और सजावटी फूलों की पौध भी लगाई गई। *भविष्य की योजनाएं - वर्षा ऋतु के दौरान अम्बाला और आसपास के क्षेत्र के मंदिरों, पार्कों, और सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाकर लोगों को बांटे जाएंगे।दूसरे चरण में पौधों को संरक्षित करने के लिए ट्री गार्ड आदि लगाकर पौधों की देखभाल की जाएगी। पौधारोपण कार्यक्रम में सुरेश शर्मा, मयंक गुप्ता, राहुल शर्मा सहित गोशाला कर्मचारियों ने सहयोग किया। - गौशाला के प्रधान देवीराम शर्मा का आभार व्यक्त किया गया और उनके नाम प्रशंसा पत्र गोशाला कर्मचारी को सौंपा गया।

**Date 05.06.2025**



राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (NHRCCB) खनियांधाना, जिला शिवपुरी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक अनोखी पहल की। टीम ने स्थानीय सरकारी अस्पताल में पौधारोपण किया और भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर NHRCCB के प्रदेश महासचिव अभिनव सक्सेना जी ने कहा, "पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे।" कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख सदस्यों में शामिल थे: - श्री रामगोपाल सोनी जी (ब्लॉक संरक्षक) - श्रीमती सविता सोनी (ब्लॉक अध्यक्ष) - उमाकांत सोनी (ब्लॉक सचिव) - जितेंद्र खरे (ब्लॉक अध्यक्ष) - हरेंद्र बुन्देला- अवधेश श्रीवास्तव - भरत साहु - कोशल सैन - रघूवीर रजक - अभिषेक शर्मा - सतीश सोनी NHRCCB खनियांधाना की यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति एनएचआरसीसीबी मध्यप्रदेश टीम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमें उम्मीद है कि इस तरह की गतिविधियों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और लोग पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझेंगे।

**Date 06.06.2025**



5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, सम्मानीय प्रदेश अध्यक्ष डॉ जतिंदर पाल सिंह जी के मार्गदर्शन में "एक पेड़ माँ के नाम" थीम के तहत शा.हाई स्कूल कुलीपोटा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वृक्षारोपण के साथ-साथ आगामी माह जुलाई 2025 में 1500 से 2000 पौधे रोपित करने का संकल्प लिया गया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

**Date 06.06.2025**



Chhattisgarh team of National Human Rights and Crime Control Bureau (NHRCCB) organized an awareness campaign in Champa on the occasion of World Environment Day. The campaign included office bearers, members and volunteers of the state, division, district and block level. In the program, spread awareness and distribution of fruit plants on Environment Day. The papers written under the awareness campaign were distributed in door to door and shops. Also, awareness was spread through music. This campaign was a successful program with the success of Operation Sindoor. The NHRCCB team through this campaign tried to raise awareness of environmental conservation and highlight its importance in society.

**Date 06.06.2025**



Jashpur district of Chhattisgarh team of National Human Rights and Crime Control Bureau (NHRCCB) organized a tree plantation program on the occasion of World Environment Day at Pathalgaon as directed by NHRCCB State President Dr. Jatinder Pal Singh ji. More than 50 fruit trees were jointly planted in the Kilkila Temple premises under the banner of Forest Department, People's Representatives and NHRCCB. The event was aimed to promote environmental protection and greenery. NHRCCB State General Secretary Karam Das ji Kurre, District President Satyanarayan ji and Media In-charge Santoshi Bhardwaj ji played an active role in this program. The villagers pledged to protect and enrichment of plants by appreciating this initiative. Through this program, the NHRCCB team demonstrated their commitment to environmental conservation and strived to spread awareness in the society.

**Date 06.06.2025**

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (एनएचआरसीसीबी) की छत्तीसगढ़ टीम के तमनार इकाई ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ जतिंदर पाल सिंह जी के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में टीम के उपाध्यक्ष डॉ हरीहर पटेल, उपाध्यक्ष श्रीमती सरस्वती पटेल नायक और टीम के अन्य



सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। एनएचआरसीसीबी

टीम ने इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की और समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

**Date 06.06.2025**



District Raigarh of Chhattisgarh team of National Human Rights and Crime Control Bureau (NHRCCB) organized a large scale tree plantation program at Tata Motors bypass Chhata Munda Chowk on the occasion of World Environment Day. District President Smt. Poonam Dwivedi, District Patron Mr. R P Dwivedi, Active Member Suresh Sharma ji, Vinod Dansena ji, Dr. Manohar Patel ji, Radhe Rana and three new members planted saplings in a very nicely manner. Officers of Tata Motors cheerfully respected and expressed their happiness in this programme. Raigarh team honoured the branch head of Tata Motors by giving a crasula plant. Through this program, the NHRCCB team demonstrated their commitment to environmental conservation and strived to spread awareness in the society.


**Date 06.06.2025**



Sarangarh Bilaigarh team of National Human Rights and Crime Control Bureau (NHRCCB) organized plantation program at Gram Panchayat Surguli on the occasion of World Environment Day. This program was organized as per the order of Provincial President Dr. Jatinder Pal Singh ji and under the guidance of District President Labon Kumar Surya. The guests present in the program were

included Sarpanch Mrs. Brijbai Karsh, Deputy Sarpanch Mr. Jeevan Das Manikpuri, Panch Smt. Manju Manikpuri, Sadhmati, Kaivarta etc. District President of NHRCCB Team Labon Kumar Surya, Block President Pardeshi Das Manikpuri and Village member Mr. Raju, Kanhaiya, Yogesh Kumar Chauhan, Santosh Kumar Karsh Sarpanch Representative etc also participated in the program. Mango, neem, guava, berries and lemon plants were planted during the program. Munadi was also conducted through Kotwar in the village and discussed for maintenance of plants. Rural members were motivated to plant more plants. At the end of the program all attendees thanked NHRCCB team and expressed gratitude to National President Dr. Randhir Singh and Provincial President Dr. Jatinder Pal Singh ji.

**Date 08.06.2025**




**राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (एनएचआरसीसीबी) ने "आरटीआई, साक्ष्य और पंचायती राज अधिनियम: नागरिकों के अधिकारों को समझना" विषय पर एक वेबिनार का सफल आयोजन किया। इस वेबिनार का उद्देश्य नागरिकों को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और शासन में पारदर्शिता के महत्व के बारे में जागरूक करना था। एनएचआरसीसीबी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार मार्गदर्शन में बेबीनार आयोजन हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल सिंह, लीगल एंबिट के संस्थापक एवं एनएचआरसीसीबी के राज्य सलाहकार महावीर पारीक , सह संस्थापक सरदार तारा सिंह जैसे प्रतिष्ठित वक्ताओं ने हिस्सा लिया। एवं बेबीनार का संचालन श्री प्रभात मिश्र जी ने किया जतिंदर पाल सिंह ने अपने उद्घाटन संबोधन में इन अधिनियमों के महत्व और नागरिक सशक्तिकरण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। महावीर पारीक ने तीनों अधिनियमों—सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, और पंचायती राज अधिनियम—पर संक्षिप्त परिचय कराया एवं सरदार तारा सिंह ने भी आरटीआई और पंचायती राज अधिनियमों के व्यावहारिक पहलुओं और उनके महत्व पर विस्तृत और**

गहन जानकारी प्रदान करते हुए मूल्यवान दृष्टिकोण साझा किए। अधिनियमों की संक्षिप्तजानकारी:

– सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005: यह अधिनियम नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकरणों से जानकारी प्राप्त करने का अधिकार देता है, जिससे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है। यह भ्रष्टाचार को कम करने और लोकतंत्र को मजबूत करने का एक शक्तिशाली उपकरण है। – भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872: यह कानून न्यायिक प्रक्रियाओं में साक्ष्य की स्वीकार्यता, प्रासंगिकता और मूल्यांकन को नियंत्रित करता है। यह सुनिश्चित करता है कि अदालतों में केवल विश्वसनीय और प्रासंगिक साक्ष्य ही प्रस्तुत किए जाएं, जिससे न्यायिक निर्णय निष्पक्ष हों। – पंचायती राज अधिनियम, 1992: 73वें संविधान संशोधन के तहत, यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन को सशक्त करता है। पंचायतों को विकास, योजना और निर्णय लेने की शक्तियां प्रदान कर यह ग्रामीण भारत में लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। वेबिनार का समापन एक आकर्षक प्रश्नोत्तरी सत्र के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वक्ताओं ने उनके सवालों के स्पष्ट और उपयोगी जवाब दिए।मुख्य आकर्षण:

– आरटीआई, भारतीय साक्ष्य और पंचायती राज अधिनियमों पर विस्तृत चर्चा

– विशेषज्ञ वक्ताओं से कानूनी और व्यावहारिक जानकारी

– इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तरी सत्र के माध्यम से जागरूकता और भागीदारी

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वेबिनार की प्रशंसा की और कहा कि यह आयोजन नागरिकों के अधिकारों और शासन में पारदर्शिता के महत्व को समझने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से नागरिकों में जागरूकता बढ़ती है और वे अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग हो पाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (एनएचआरसीसीबी) की यह पहल सराहनीय है और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास जारी रहेगा।

**News Link : https://thechangenews.com/14405/**

**Date 08.06.2025**




Organizing eye check up camp

An eye check up camp organized by NHRCCB Haryana in village Nasirpur, ward no. 18 of Ambala city. 82 people were eye checked at this camp. Amarnath Kashyap, State Vice President NHRCCB Haryana organized this camp in association with All interest health committee and local municipal councilor Shardul Singh. Team of Sanjivani Eye & Medicare Center Ambala conducted eye examination of patients and gave free medicine in camp. 5 patients found cataracts and 8 patients were weakened, suggested wearing glasses. Through this camp NHRCCB Haryana demonstrated its commitment towards the health of the society.

**Date 08.06.2025**

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एन एचआर सी.सी.बी छत्तीसगढ़ टीम द्वारा कई आयोजन

**जांजगीरचाम्पा ( महाकोशल )।** प्रति वर्ष की तरह इस बार भी विश्व पर्यावरण दिवस पर राष्टीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के छत्तीसगढ़ टीम में कई जिला एवं ब्लाक स्तर पर कई गतिविधियों का प्रदर्शन हुआ।

इस अवसर पर रायगढ़ टीम द्वारा कई जगहों पर पौधे लगाये गए। तमनार टीम द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ। जशपुर जिले में भी प्रसाशनिक अधिकारिओ के साथ पौधे लगाये गए। सारंगढ़ बिलाईगढ़ टीम द्वारा पौधे लगाये गए। जांजगीर चाम्पा में पर्यावरण दिवस पर मुख्य मार्ग पर शिविर लगाया गया जिसमे पर्यावरण दिवस हेतु फलदार पौधे का




देखभाल के साथ लगाने वाले को वितरण किया गया साथ ही म्यूजिक सिस्टम द्वारा जागरूकता गीत लगाया गया। इसी अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमे जागरूकता पर्चे घर घर दुकानों में जाकर वितरण किये गए जिससे आज कल होने वाले फ्रॉड से बचा जा सके। साथ आपरेशन सिंदूर की सफलता हेतु बधाई दी गयी ।

इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी संभाग पदाधिकारी जिला एवं ब्लाक पदादिकारी सदस्य एवं वालेंटियर उपस्थित थे इस अवसर पर प्रदेश सरंक्षक श्री दिलीप साहू द्वारा शासकीय स्कूल में एक पौधा माँ के नाम पर लगाते इस वर्ष 2000 पौधे पुरे देखभाल के साथ लगाने का संकल्प लिया ।

इस अवसर पर एन एच आर सी सी बी के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ जतिंदरपाल सिंह ने टीम के द्वारा जिनके द्वरा गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया उनके कार्यो की सराहना करते हुए कहा की इस कार्य को निरंतर रखते जागरूक करने का प्रयास करते रहें।

## Date 09.06.2025

आरटीआई, साक्ष्य और पंचायती राज अधिनियम- नागरिकों के अधिकारों को समझना विषयक वेबिनार का सफल आयोजन



# आरटीआई, साक्ष्य और पंचायती राज अधिनियम-नागरिकों के अधिकारों को समझना विषयक वेबिनार का सफल आयोजन

**चांपा ( महाकोशल )।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (एनएचआरसीसीबी) ने आरटीआई, साक्ष्य और पंचायती राज अधिनियम- नागरिकों के अधिकारों को समझना विषय पर एक वेबिनार का सफल आयोजन किया। इस वेबिनार का उद्देश्य नागरिकों को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और शासन में पारदर्शिता के महत्व के बारे में जागरूक करना था।



एनएचआरसीसीबी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार मार्गदर्शन में बेबीनार आयोजन हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जतिंदरपाल सिंह, लीगल एंबिट के संस्थापक एवं एनएचआरसीसीबी के राज्य सलाहकार महावीर पारीक , सह संस्थापक सरदार तारा सिंह जैसे प्रतिष्ठित वक्ताओं ने हिस्सा लिया। एवं बेबीनार का संचालन श्री प्रभात मिश्र जी ने किया

डॉ जतिंदरपाल सिंह ने अपने उद्घाटन संबोधन में इन अधिनियमों के महत्व और नागरिक सशक्तिकरण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। महावीर पारीक ने तीनों अधिनियमों—सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, और पंचायती राज अधिनियम—पर संक्षिप्त परिचय कराया एवं सरदार तारा सिंह ने भी आरटीआई और पंचायती राज अधिनियमों के व्यावहारिक पहलुओं और उनके महत्व पर विस्तृत और गहन जानकारी प्रदान करते हुए मूल्यवान दृष्टिकोण साझा किए।

**अधिनियमों की संक्षिप्त जानकारी-**

-सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005:* यह अधिनियम नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकरणों से जानकारी प्राप्त करने का अधिकार देता है, जिससे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है। यह भ्रष्टाचार को कम करने और लोकतंत्र को मजबूत करने का एक शक्तिशाली उपकरण है।


- भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872:* यह कानून न्यायिक प्रक्रियाओं में साक्ष्य की स्वीकार्यता, प्रासंगिकता और मूल्यांकन को नियंत्रित करता है। यह सुनिश्चित करता है कि अदालतों में केवल विश्वसनीय और प्रासंगिक साक्ष्य ही प्रस्तुत किए जाएं, जिससे न्यायिक निर्णय निष्पक्ष हों।

- पंचायती राज अधिनियम, 1992- 73वें संविधान संशोधन के तहत, यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन को सशक्त करता है।

## Date 11.06.2025

'आरटीआई, साक्ष्य और पंचायती राज अधिनियमः नागरिकों के अधिकारों को समझना' विषयक वेबिनार का सफल आयोजन

जांजगीर चाम्पा/मूक पत्रिका



## Date 12.06.2025

# एनएचआरसीसीबी छत्तीसगढ़ में 29 जून को महासम्मेलन का आयोजन


**जांजगीर चांपा।** प्रति वर्षानुसार इस बार भी राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम द्वारा भव्य महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु जांजगीर मे प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश संभाग जिला ब्लॉक पदाधिकारी सदस्य एवं वालंटियर के साथ बैठक एवं ऑनलाइन मीटिंग द्वारा टीम के साथ निर्णय लिया गया। यह कार्यक्रम 29 जून को किया जाना तय हुआ है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में ब्यूरो के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार रहेगें साथ ही विशिष्ट अतिथि में छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद शासन प्रशासनिक अधिकारी होंगे। इस कार्यक्रम में



नेपाल से विशिष्ट अतिथियों के आगमन होंगे। साथ ही नेपाल संस्कृतिक कार्यक्रम हेतु टीम पहुंचेगे। कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा इस आयोजन मे एक शानदार पुस्तिका एवं कैलेंडर का विमोचन होगा ।

उत्कृष्ट कार्य किए सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। जिन सदस्यों द्वारा बेहतर से बेहतर कार्यो किए उन्हें मानवाधिकार अवार्ड से सम्मानित किये जायेंगे साथ ही इस कार्यक्रम में कुछ राष्ट्रीय सम्मान भी दिए जाने की रूपरेखा बनाई जा रही है। सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले का भी सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों हेतु टीम लग चुकी है। एन एच आर सी सी बी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जतिन्दरपाल सिंह ने बताया यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है आज कुछ सालों से सम्मेलन बेहतर होते आए हैं पर इस बार बेहतर से बेहतर किया जाना है इस कार्यक्रम के लिए जो सदस्य हमें बेहतर सहयोग कर रहे उन्हें हम अन्य सम्मान के अलावा लीडरशिप केप देंगे।

**Date 14.06.2025**




"भारतीय पुलिस अधिनियम 2007 पर विशेष चर्चा" विषयक वेबिनार का आयोजन [नई दिल्ली, 14 जून 2025] – राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (एनएचआरसीसीबी) द्वारा "भारतीय पुलिस अधिनियम 2007" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। यह वेबिनार 14 जून 2025 को शाम 07:10 बजे से 08:00 बजे तक आयोजित हुआ। वेबिनार की अध्यक्षता माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्री संतोष कुमार कानू, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री महावीर पारीक, संस्थापक - लीगल एंबिट, और श्री प्रभात कुमार, राष्ट्रीय समन्वयक - एनएचआरसीसीबी, ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। मुख्य वक्ता श्री पारीक ने भारतीय पुलिस अधिनियम 2007 की पृष्ठभूमि, उद्देश्य और उसमें किए गए प्रमुख सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत पुलिस शिकायत प्राधिकरणों की स्थापना तथा पुलिस अधिकारियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे कई सुधार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य पुलिस बल को अधिक जवाबदेह और नागरिकों के प्रति संवेदनशील बनाना है। उन्होंने कम्युनिटी लाइजन ग्रुप (CLG) की भूमिका पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समूह पुलिस और समाज के बीच सेतु का कार्य करता है। योग्य NHRCCB सदस्य इन समूहों के माध्यम से न केवल जागरूकता हेतु कार्य कर सकते हैं हैं, बल्कि विवादों के समाधान और पुलिस पहलों के समर्थन में भी सक्रिय योगदान देते हैं। माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वेबिनार के माध्यम से भारतीय पुलिस अधिनियम 2007 की शक्ति, दायित्व और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों की गहन समझ प्रदान हुई। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे नागरिकों में अपने अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ती है और शासन में पारदर्शिता को बल मिलता है। उन्होंने एनएचआरसीसीबी की इस पहल को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि श्री संतोष कुमार कानू ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह वेबिनार उन सभी लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी है जो पुलिस व्यवस्था में सुधार और मानवाधिकारों की रक्षा में रुचि रखते हैं। मुख्य आकर्षण: - भारतीय पुलिस अधिनियम 2007 पर गहन चर्चा - वक्ताओं से विशेषज्ञ जानकारी - इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तरी सत्र एनएचआरसीसीबी के बारे में: राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (एनएचआरसीसीबी) एक प्रतिष्ठित संगठन है, जो मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय और शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु कार्यरत है।

**Date 15.06.2025**




एनएचआरसीसीबी हरियाणा द्वारा अंबाला शहर के गांव घसीटपुर में एक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 95 लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर का आयोजन अमरनाथ कश्यप, स्टेट वाइस प्रेसिडेंट एनएचआरसीसीबी हरियाणा ने सर्व हित स्वास्थ्य समिति के प्रधान योगेश शर्मा, अंबाला मंडल के संरक्षक एनएचआरसीसीबी और ग्रामीण क्षेत्र शाहपुर के स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी महिला प्रीति के साथ मिलकर इस शिविर का आयोजन किया। शिविर की गतिविधियां संजीवनी आई एंड मेडिकेयर सैंटर अंबाला की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की और मुफ्त दवाइयां वितरित कीं। जांच में 95 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 14 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। इन मरीजों के लिए संजीवनी आई एंड मेडिकेयर सैंटर अंबाला में फ्री ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, 12 मरीजों की नजर कमजोर पाई गई, जिन्हें चश्मा लगाने का सुझाव दिया गया। एनएचआरसीसीबी की प्रतिबद्धता इस शिविर के माध्यम से एनएचआरसीसीबी हरियाणा ने स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। माननीय प्रदेश उपाध्यक्ष एनएचआरसीसीबी हरियाणा, अमरनाथ कश्यप ने शिविर में आए हुए लोगों को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक किया।

**Date 17.06.2025**



राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन और संभाग अध्यक्ष के निर्देशन में मानव अधिकार प्रचार-प्रासार के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ऑनलाइन फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरूक और सतर्क किया जा रहा है। पंपलेट वितरण हमारे ब्यूरो द्वारा तैयार किए गए पंपलेट हर गांव और जगह पर वितरित किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें। आज दिनांक 17/06/2025 को संभागीय महासचिव ललित बरेठ ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय जगमहंत में पंपलेट का वितरण किया। अभियान

का उद्देश्य इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को मानव अधिकारों और ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें और ऑनलाइन फ्रॉड से बच सकें।

**Date 19.06.2025**




The NHRCCB Nagaon district team successfully organized a crucial awareness program on cyber security at PM Shri Govt Urban High School on June 18th. Given the rising threat of cybercrime, this initiative aimed to educate young students about the importance of online safety and security. Key Highlights: - Resource Person: Dr. Ajit Nath, HOD Economics of Mahapurush Shri Srimanta Shankardev Vishwavidyalaya, shared valuable insights on cyber security. - Organizing Team:Member Beauty Bora and Trishna Sharma meticulously arranged the program, ensuring its success. - Special Guests: Member Anju Deka and Mukta Jaiseal were also present, adding to the event's significance. This well-organized program was a great initiative to empower students with the knowledge to navigate the digital world safely. Kudos to the NHRCCB Nagaon district team for their efforts!

**Date 20.06.2025**



राष्ट्रीय मानव अधिकार एवम् अपराध नियंत्रण ब्यूरो की पहल राष्ट्रीय मानव अधिकार एवम् अपराध नियंत्रण ब्यूरो के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में बिलासपुर जिले में दो दिवसीय ऑनलाइन फ्रॉड जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के तरीकों के बारे में जागरूक करना था। जागरूकता अभियान विभिन्न दुकानों में जाकर लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए पंपलेट वितरित किए गए और उन्हें जागरूक

किया गया। लोगों को बताया गया कि अगर वे ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं, तो उन्हें तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके इसकी जानकारी देनी चाहिए।

जिला बिलासपुर चकरभाठा छत्तीसगढ़ इस कार्यक्रम के माध्यम से जिला बिलासपुर चकरभाठा छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन फ्रॉड के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। हमें उम्मीद है कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने में मदद मिलेगी।

**Date 21.06.2025**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र पाल सिंह जी के आदेशानुसार बिलासपुर संभाग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला में किया गया, जिसमें प्रधान पाठक श्री अमर दास महंत और राठौर मैडम की उपस्थिति में योगाभ्यास किया गया। *कार्यक्रम का संचालन श्री विपिन तिवारी, सुखीराम यादव और संभागीय संरक्षक श्री राजेश कुमार सोनी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। अंत में श्री राजेश कुमार सोनी ने छात्रों को चॉकलेट वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया। *NHRCCB से जुड़ें NHRCCB से जुड़ने के लिए संपर्क करें |

**Date 21.06.2025**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह NHRCCB रायगढ़ टीम ने नगर पालिक स्टेडियम, बोईर दादर में योगाभ्यास करवाया। माननीय प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जतिंदर पॉल सिंह जी के निर्देशन और जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम द्विवेदी जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जीवन में स्वास्थ्य के प्रति योग की भूमिका से अवगत कराया गया। *विशेष योगदान श्री सुरेश शर्मा जी, राधे राना जी और डॉ. मनोहर लाल पटेल जी का योगदान सराहनीय रहा।

**Date 21.06.2025**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह NHRCCB जिला जशपुर टीम ने पत्थर गांव में योगाभ्यास करवाया। माननीय प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र पाल सिंह जी के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सतनारायण जी, मीडिया प्रभारी संतोषी भारद्वाज और प्रदेश महासचिव कर्म दास जी कुर्रे उपस्थित रहे।



**Date 21.06.2025**




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह छत्तीसगढ़ टीम के जिला अध्यक्ष मलाईका सिंह राजपूत के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी पंडरिया में ग्रामवासियों के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वॉलिंटियर कुलपति दास मानिकपुरी और ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कवर्धा जिला, छत्तीसगढ़ में किया गया।

**Date 21.06.2025**

NHRCCB छत्तीसगढ़ टीम की सौजन्य भेंट NHRCCB छत्तीसगढ़ टीम के जैजैपुर पदाधिकारियों ने 21 जून को अस्पताल में मरीजों से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम जानी। इस दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की गतिविधियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुशर्रफ खान, विनय कुमार साहू, अंकित साहू, अजय साहू और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



**Date 21.06.2025**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह विद्यालय प्रांगण में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर "योग के महत्वपूर्ण लाभ" विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस दौरान छात्रों को योग, ध्यान और प्राणायाम कराया गया।कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती गायत्री सोनी, कवर्धा, छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया। NHRCCB से जुड़ें NHRCCB से जुड़ने के लिए संपर्क करें

**Date 21.06.2025**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो, ब्लॉक बलौदा ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जतिंदर पाल जी के आदेशानुसार आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहरिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष उदय पटेल, टीम के सदस्य देव पटेल, चंदर पटेल, डॉ. अश्विनी साहू और हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहे।

**Date 21.06.2025**




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का महत्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिन नहीं है, बल्कि यह योग को जीवनशैली में अपनाने की प्रेरणा है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि सच्चे स्वास्थ्य और सुख की कुंजी हमारे भीतर है – और योग उस रास्ते की सीढ़ी है। *कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 21 जून 2025 को सुबह 5:30 बजे राष्ट्रीय मानव अधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो (NHRCCB) के राष्ट्रीय

संयुक्त सचिव श्री संतोष कुमार कानू जी के निर्देशानुसार असम प्रदेश महासचिव मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय गोलाघाट के ऑडिटोरियम हॉल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पालन किया गया। योग की महत्ता इस कार्यक्रम में विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी गोलाघाट नगर के योग प्रमुख रूपालिम गोगोई जी ने योग की महत्ता को समझाया और योग के अनेकों आसानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग व्यक्ति के शरीर, मन, भावना और ऊर्जा के स्तर पर काम करता है। कार्यक्रम में उपस्थितिआज के इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयुक्त सचिव श्री संतोष कुमार कानू जी, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार गुप्ता जी, प्रदेश सचिव गुड्डू प्रसाद वर्मा जी, सक्रिय सदस्या भारती बरुआ, ज्योतिका दुवारा जी सहित समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। धन्यवाद धन्यवाद मनीष कुमार गुप्ता प्रदेश महासचिव (असम) ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को इस सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया।

**Date 21.06.2025**



विश्व योग दिवस का आयोजन राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो खनियाधाना की टीम ने आज 21 जून को विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक स्कूल में एक विशेष आयोजन किया। इस अवसर पर टीम ने बच्चों के साथ योग किया और मिठाई वितरण किया। *स्कूल के साथ सहयोग संस्था के प्राचार्य ने NHRCCB की टीम को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। यह आयोजन न केवल बच्चों को योग के महत्व से अवगत कराने के लिए था, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करने के लिए था। *उपस्थित सदस्य* इस मौके पर अभिनव सक्सेना, राम गोपाल सोनी, जी जितेंद्र खरे, श्रीमती सविता सोनी, उमाकांत सोनी, हरेंद्र बुन्देला, अवधेश श्रीवास्तव, भरत साहु, कोशल सैन, रघूवीर रजक, अभिषेक शर्मा, सतीश सोनी आदि सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया।

**Date 21.06.2025**



राष्ट्र मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा रायसेन जिले की देवरी तहसील के बल्हारपुर आंगनवाड़ी केंद्र पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों को योग के महत्व और स्वास्थ्य के प्रति इसकी भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। *योग दिवस का उद्देश्य* इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को योग के लाभों से अवगत कराना और उन्हें अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। *आयोजन की सफलता* इस आयोजन में स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिन्होंने योगाभ्यास में उत्साहपूर्वक भाग लिया। हमें उम्मीद है कि इस तरह के आयोजनों से लोगों को योग के महत्व और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**Date 21.06.2025**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो रायगढ़ टीम ने आज विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया। माननीय प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर जतिंदर पॉल सिंह जी के निर्देशन में और जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम द्विवेदी जी के मार्गदर्शन में बोईर दादर के नगर पालिक स्टेडियम में योग सत्र आयोजित किया गया। *योगाभ्यास और जागरूकता* इस अवसर पर लोगों को योग के महत्व और स्वास्थ्य के प्रति इसकी भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। योगाभ्यास के माध्यम से लोगों को योग के लाभों का अनुभव कराया गया।

इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने में श्री सुरेश शर्मा जी, राधे राना जी और डॉ मनोहर लाल पटेल जी का योगदान सराहनीय रहा। उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्थन ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। धन्यवाद आयोजकों और प्रतिभागियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई। हमें उम्मीद है कि इस तरह के आयोजनों से लोगों को योग के महत्व और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## Date 22.06.2025



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह ग्राम पंचायत औल्याकन्हार, जिला बालाघाट में फिजिकल क्लब और राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की टीम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे और योग के लाभ पर चर्चा की। संकल्प इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे और एक स्वस्थ, संतुलित और आनंदमय जीवन की ओर बढ़ेंगे। *हार्दिक शुभकामनाएं* आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## Date 23.06.2025



Drishti समाचार

संपादक
बी.एम. पाण्डेय

हर खबर पर पहली नजर | Reg no .Br-09-0019470 डिजिटल ई पेपर , बिहार / झारखण्ड/ उत्तर प्रदेश

पटना /बक्सर/ सोमवार | २३ जून २०२५ |. वर्ष -०१ | अंक-६८ | पृष्ठ-०३| हिन्दी दैनिक | मूल्य ०३रु

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि योग को जीवनशैली से जोड़ना चाहिए :- संतोष कानू

दृष्टि सममचार
गोलाघाट(असम) राष्ट्रीय मानव अधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो (NHRCCB)के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव श्री संतोष कुमार कानू जी के निर्देशानुसार असम प्रदेश महासचिव मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय गोलाघाट के ऑडिटोरियम हॉल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पालन किया गया। कार्यक्रम में विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी गोलाघाट नगर के योग प्रमुख रूपालिम गोगोई जी ने योग की महत्ता को समझाया और योग के अनेकों आसानों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंत में NHRCCB राष्ट्रीय संयुक्त सचिव श्री कानू जी ने कहा कि योग व्यक्ति के शरीर, मन, भावना और ऊर्जा के स्तर पर काम करता है। इसने योग के चार व्यापक वर्गीकरणों को जन्म दिया है: कर्म योग, जहाँ हम शरीर का उपयोग करते हैं; भक्ति योग, जहाँ हम भावनाओं का उपयोग करते हैं; ज्ञान योग, जहाँ हम मन और बुद्धि का उपयोग करते हैं; और क्रिया योग, जहाँ हम ऊर्जा का उपयोग करते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयुक्त सचिव श्री संतोष कुमार कानू जी,प्रदेश महासचिव मनीष कुमार गुप्ता जी,प्रदेश सचिव गुड्डु प्रसाद वर्मा जी,सक्रिय सदस्या भारती बरुआ, ज्योतिका दुवारा जी सहित समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

**Date 23.06.2025**




विश्व योग दिवस समारोह राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (NHRCCB) हरियाणा ने विश्व योग दिवस 2025 के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया। राज्य के उपाध्यक्ष अमरनाथ कश्यप ने रोजाना सुबह टहलने जाने वाले मित्रों के साथ योग दिवस मनाया और विभिन्न योग विधियों के बारे में विस्तार से बताया। *योग विधियों का महत्व उन्होंने ओमकार मेडिटेशन, बंधभ्रम मेडिटेशन, हस्य मेडिटेशन, नटराज मेडिटेशन, डायनेमिक मेडिटेशन, कुंडलिनी मेडिटेशन जैसी विभिन्न विधियों के बारे में बताया। इन विधियों को संगीत के साथ एक-एक करके किया जाता है, जिसकी अवधि लगभग 1 घंटा होती है और संगीत भी अलग-अलग होता है।अमरनाथ जी ने कहा कि आज भी कई लोग इन योग को करके स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही ध्यान करने से कई बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। *उपस्थिति इस अवसर पर NHRCCB अंबाला डिवीजन के महासचिव ओम प्रकाश शर्मा और अन्य उपस्थित थे।

**Date 24.06.2025**



राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले एवं राँची विश्वविधालय के छात्र श्री जितेंद्र कुमार ने अपने द्वारा संपादित पुस्तक “NSS ‘Once an NSS volunteer is always an NSS Volunteer’ “ माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार को भेट किया । माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शुभकामना देते हुए कहा की इस पुस्तक में एनएसएस के संबंध में सम्पूर्ण जागरूकता एवं NSS से जुडे कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सामाजिक योगदान को संलग्न की गई है । सामाजिक रुचि रखने वाले छात्रो एवं युवाओं के लिए मिल की पत्थर साबित होगी ।

## Date 24.06.2025



# योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**ट्रैक सीजी न्यूज रिगनी खरौद :-** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानव अधिकार एवं ग्राम पंचायत सरपंच पंच सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।उन्होंने सभी को योग का महत्व समझाते हुए बताया कि योग हमारे शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग करने के लिए किसी विशेष साधन या खर्च की आवश्यकता नहीं होती – इसे कोई भी व्यक्ति, किसी भी उम्र में, रोज़ खाली पेट कर सकता है संभाग अध्यक्ष विष्णु अवतार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की एक महान देन है। उन्होंने सभी लोगों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि योग, खेलकूद, धार्मिक गतिविधियों सहित सभी प्रकार की सहशैक्षिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, इस योग दिवस पर मुख्य रूप से मावन अधिकार के संभाग अध्यक्ष विष्णु अवतार कश्यप ग्राम पंचायत लोहर्सी सरपंच चंद्रकांता रूपेश कुमार खूंटे, कमल साहू, बलदाऊ कश्यप, सोमनाथ कश्यप, सुनील साहू, डमरू भैना, विष्णु प्रसाद कश्यप, गणेश साहू, बल्ले पटेल, सचिन श्री एसिकलाल व अन्य ग्रामीण सदस्य।

हर प्रकार की खबर एवं विज्ञापन हेतू संपर्क करे मेलाराम कश्यप 9770979970



# रिगनी खरौद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया


**दैनिक प्राईम संदेश ।रिगनी खरौद**

रिगनी खरौद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानव अधिकार एवं ग्राम पंचायत सरपंच पंच सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।उन्होंने सभी को योग का महत्व समझाते हुए बताया कि योग हमारे शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग करने के लिए किसी विशेष साधन या खर्च की आवश्यकता नहीं होती – इसे कोई भी व्यक्ति, किसी भी उम्र में, रोज़ खाली पेट कर सकता है संभाग अध्यक्ष विष्णु अवतार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की एक महान देन है। उन्होंने सभी लोगों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि योग, खेलकूद, धार्मिक गतिविधियों सहित सभी प्रकार की सहशैक्षिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, इस योग दिवस पर मुख्य रूप से मावन अधिकार के संभाग अध्यक्ष विष्णु अवतार कश्यप ग्राम पंचायत लोहर्सी सरपंच चंद्रकांता रूपेश कुमार खूंटे, कमल साहू, बलदाऊ कश्यप, सोमनाथ कश्यप, सुनील साहू, डमरू भैना, विष्णु प्रसाद कश्यप, गणेश साहू, बल्ले पटेल, सचिन श्री एसिकलाल व अन्य ग्रामीण सदस्य।

हर प्रकार की खबर एवं विज्ञापन हेतू संपर्क करे मेलाराम कश्यप 9770979970

## Date 24.06.2025

आज प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में माननीय प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी जी से मुलाकात कर मानवाधिकार विषयों पर चर्चा किया एवं एन एच आर सी सी बी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार जी की लिखित पुस्तक मानवाधिकार एक परिचय भेंट की।



## Date 26.06.2025



National Human Rights and Crime Control Bureau Telangana State Vice President, Mohid Khan raised different issues related to Child Rights in front of District Transport Officer and submitted a memorandum for quick action. Private school buses are running school buses indiscriminately,

exceeding the seating capacity.,This can lead to accidents. There are examples of incidents that happened in the past in Manvi in Karnataka and Medak in Telangana.

To prevent them from recurring Special attention should be paid to buses, those without fitness and heavy licence Action was requested against those driving against the rules. The district transport department officer responded immediately and said that a special drive would be issued.

**Date 26.06.2025**



अधिवक्ता विद्या ने की एसपी से मुलाकात

जांजगीर@पत्रिका. अधिवक्ता, लैंगिक उत्पीड़न आंतरिक शिकायत समिति सदस्य व नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की संभाग कानूनी सलाहकार विद्या राठौड़ ने जिले के वर्तमान पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय को श्रीफल व साल भेंटकर सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने लैंगिक उत्पीड़न शिकायत समिति के बारे में जानकारी लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने अधिवक्ता विद्या राठौड़ को धन्यवाद ज्ञापित किया। अधिवक्ता विद्या राठौड़ ने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने अपने अमूल्य समय में से मुझे कुछ समय दिया। इसके लिए उनका तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूं।

**Date 29.06.2025**

बिहार टीम: मानवाधिकार जागरूकता कार्यक्रम राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सदानंद प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय मानवाधिकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड मीडिया ऑफिसर सुनील यादव सोनो, प्रखंड सचिव अशोक कुमार सोनो, प्रखण्ड मीडिया ऑफिसर दिनेश यादव सोनो, वोलेंटियर संजय कुमार यादव, मोहन सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु इस कार्यक्रम में संस्था का विस्तृत परिचय दिया गया और मानवाधिकार की रक्षा, बाल संरक्षण, बाल विवाह पर रोकथाम, बंधुवा मजदूरी पर रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यकारणी टीम का गठन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों को जोड़ने और अपने स्तर पर



कार्यकारणी टीम को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। इससे संगठन को मजबूत बनाने और मानवाधिकार की रक्षा के लिए अधिक प्रभावी ढंग से काम करने में मदद मिलेगी।

**Thank you**